# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

## COMPILED BY MEDIA CELL (26.10.2024)

**DAINIK JAGRAN MUZAFFARPUR DATE:26.10.2024 PAGE-08**

## बीएड में अब 29 तक होगा नामांकन, तिथि विस्तारित

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** दो वर्षीय बीएड कोर्स में अब 29 अक्टूबर तक नामांकन हो सकेगा। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय समेत अन्य विश्वविद्यालयों में बाकी बची सीटों पर नामांकन के लिए चयन सूची जारी नहीं होने के बाद नोडल विश्वविद्यालय की ओर से इसका फैसला लिया गया है। राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता ने सभी विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारियों को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। प्रो. मेहता ने बताया कि सहभागी विश्वविद्यालयों की ओर से विलंब से सेलेक्शन लिस्ट जारी की गई, जिसके कारण छात्र-छात्राएं परेशान थे। छात्र-छात्राओं की सुविधा को देखते हुए तिथि विस्तारित की गई है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE : 26.10.2024, PAGE-08**

## विश्वविद्यालय में पुरुष छात्रावास तीन के सामने बनेगा खेल मैदान

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी पुरुष छात्रावास संख्या तीन के सामने खाली जगह में खेल का मैदान बनेगा। साथ ही विश्वविद्यालय कैंपस में नया कुलपति सचिवालय का निर्माण होगा। यह चार मंजिला होगा। पीएम उषा की बची हुई करीब 6 करोड़ की राशि का इस्तेमाल जीर्णोद्धार, निर्माण और उपकरणों की खरीदारी मद में किए जाएंगे। पीजी पुरुष छात्रावासों के जीर्णोद्धार की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया विश्वविद्यालय स्तर से शुरू की जाएगी। बिहार राज्य उच्च शिक्षा परिषद से आए अधिकारियों ने शुक्रवार को पीएम रूसा और मेरू प्रोजेक्ट को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें विश्वविद्यालय में होने वाले निर्माण कार्य और मेरू प्रोजेक्ट के लिए दिए गए प्रस्तावों के लिए स्थल निरीक्षण भी किया। पीएम उषा योजना के तहत कालेजों और विश्वविद्यालय के सुदृढ़ीकरण के लिए एक्सपर्ट ने पीजी विभागों से लेकर कालेजों तक का निरीक्षण किया। विभिन्न मदों में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई गई राशि को खर्च करने का निर्देश दिया गया। साथ ही इनोवेशन और प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों के लिए पीजी भौतिकी विभाग में सेंट्रलाइज्ड इंस्ट्रूमेंटल सेंटर बनेगा। करीब 90 लाख रुपये खर्च होंगे।

**उच्च शिक्षा विभाग से आए अधिकारियों ने विश्वविद्यालय समेत कालेज में जाकर किया स्थलीय निरीक्षण**

**अधिकारियों के साथ की बैठक, मेरू प्रोजेक्ट के लिए भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर संभावनाओं की ली जानकारी**

**पीएम उषा के तहत विश्वविद्यालय में होने वाले निर्माण और रिनोवेशन कार्य के लिए जल्द होगा टेंडर**

रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग से आए अधिकारियों ने स्थलों का निरीक्षण किया है। निर्माण कार्य के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी।

**एलएस कालेज और आरवीवीएम कालेज में बनेगा मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग :** कालेजों सुदृढ़ीकरण योजना में एलएस कालेज और आरबीबीएम कालेज में मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण होगा। इसमें 3.5 करोड़ रुपये भवन निर्माण पर खर्च होंगे। साथ ही 1.5 करोड़ की राशि से साफ्ट ट्रेनिंग सेंटर, कंप्यूटर सेंटर, आइटी सेल समेत अन्य निर्माण कराया जाना है। विश्वविद्यालय के स्तर से इन कालेजों में होने वाले निर्माण कार्य को भी शामिल किया गया है। दूसरी ओर मेरू प्रोजेक्ट के तहत छात्रावास निर्माण, लैंग्वेज लैब, सेंटर फार क्लाइमेट साइंसेज एंड गवर्नमेंट और बाबा साहब सेंटर फार पब्लिक प्रैक्टिस जैसे विभाग खोले जाने की योजना है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 26.10.2024, PAGE-08**

## पार्ट थर्ड की 3 .50 लाख कापियों का मूल्यांकन शुरू

**जुलाजी, केमिस्ट्री और होम साइंस की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के साथ हुई शुरुआत, अगले महीने रिजल्ट का दावा, उम्मीद कम**

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट थर्ड की साढ़े तीन लाख कापियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है। पहले दिन जूलाजी, केमिस्ट्री और होम साइंस की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के साथ इसकी शुरुआत हुई है। तीनों विषयों के शिक्षकों ने योगदान के साथ कापियों की जांच शुरू कर दी है। अगले महीने के अंत तक कापियों की जांच पूरी करते हुए पार्ट थर्ड का रिजल्ट प्रकाशित कर देने की विश्वविद्यालय की योजना है। इस बीच दीपावली और छठ की छुट्टियों के कारण 11 दिनों तक कापियों का मूल्यांकन कार्य प्रभावित रहेगा। दूसरी ओर छुट्टियों के बाद विश्वविद्यालय के खुलते ही जीएस की कापियों का मूल्यांकन कार्य कराया जाएगा। इस बीच स्नातक सेकंड सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी हो जाएगी। इसके बाद परीक्षक टीडीसी पार्ट थर्ड की कापियों की जांच में लगाए जाएंगे। अगले महीने के अंत तक रिजल्ट जारी करने की संभावना काफी कम दिख रही है।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 26.10.2024, PAGE-11**

बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर अन्तर्गत

## एमएसकेबी इंटर कॉलेज खो-खो स्पर्धा का विजेता

- एमडीडीएम दूसरे और आरबीबीएम कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

महिला शिल्प कला भवन महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मेजबान एमएसकेबी कॉलेज की टीम ने इस प्रतियोगिता को अपने नाम कर लिया. एमडीडीएम कॉलेज की टीम रनर अप व आरबीबीएम कॉलेज की टीम तृतीय स्थान पर रही. इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन विवि के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ ममता रानी, खेल परिषद के सचिव डॉ कांतेश कार्यक्रम में शामिल हुए. अध्यक्षता महिला शिल्प कला भवन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रविन्द्र प्रताप ने किया. कुलपति ने छात्राओं को कहा कि खेल में भी अपना भविष्य बनाया जा सकता है. डॉ ममता रानी ने कहा कि छात्राओं को खेल-कूद में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE :26.10.2024, PAGE-11**

# सेंट्रलाइज्ड इंस्ट्रूमेंटल सेंटर 90 लाख से बनेगा, इ-टेंडर की प्रक्रिया जल्द होगी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में इनोवेशन व प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेंट्रलाइज्ड इंस्ट्रूमेंटल सेंटर बनेगा. इसपर करीब 90 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे. छठ से पहले इ-टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी. इसका डीपीआर पहले ही तैयार हो चुका है. विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में यह इंस्ट्रूमेंटल सेंटर स्थापित किया जाना है. शुक्रवार को उच्च शिक्षा विभाग की टीम विवि पहुंची. टीम ने यहां रूसा के प्रोजेक्ट के तहत हो रहे कार्य व प्रस्तावित कार्यों के स्थल का जायजा लिया.

इस दौरान मेरू प्रोजेक्ट के लिए प्रस्तावित स्थल को भी टीम ने देखा. कहा गया कि रूसी की ओर से भवन निर्माण, भवनों की मरम्मत व उपकरणों की खरीदारी के लिए जो राशि दी गयी है, उसे समय से संबंधित कार्यों पर खर्च करें. अन्यथा उस राशि को लौटा दें. रूसा के तहत जो कार्य होने हैं, उसके लिए प्रक्रिया शुरू करने को कहा. विवि की ओर से टीम को बताया गया कि सभी प्रोजेक्ट के लिए डीपीआर बनकर तैयार है. शीघ्र ही इसके टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी. टीम में उच्च शिक्षा विभाग से आये पदाधिकारियों के साथ ही विवि की कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा, विकास पदाधिकारी डॉ रमेश विश्वकर्मा, सीसीडीसी डॉ मधु सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे.

**एक नया छात्रावास समेत तीन भवनों का होगा निर्माण :**

मेरू प्रोजेक्ट के तहत विवि ने तीन नये भवनों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा है. इसमें एक पुरुष छात्रावास का निर्माण किया जायेगा.साथ ही पीजी थ्री के सामने एक खेल के मैदान को विकसित किया जायेगा. इसके साथ ही लैंग्वेज लैब, सेंटर फॉर क्लाइमेट साइंसेज एंड गवर्नमेंट व बाबा साहब सेंटर फॉर पब्लिक प्रैक्टिस जैसे विभाग खोले जाने की योजना है. मेरू प्रोजेक्ट के लिए विवि की ओर से भेजे गये प्रस्ताव को प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों में सबसे बेहतर बताया गया है. साथ ही राज्य स्तर से इसकी अनुशंसा भी की गयी है. इसी के तहत उच्च शिक्षा विभाग की टीम विवि में स्थल के निरीक्षण के लिए पहुंची थी.साथ ही रूसा की राशि से हुए कार्यों को भी टीम ने देखा.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE : 26.10.2024, PAGE-04



शुक्रवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में बैठक करती राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान (रूसा) की टीम।

# बिहार विवि में छात्रों के लिए बनेगा खेल का मैदान

- रूसा की टीम ने की अधिकारियों संग बैठक
- विवि में बनेगा नया कुलपति सचिवालय भवन

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में खेल का नया मैदान बनेगा। इसके लिए राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान (रूसा) की टीम शुक्रवार को बीआरएबीयू पहुंची। टीम ने रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण, विकास अधिकारी डॉ. रमेश विश्वकर्मा और सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह के साथ बैठक की। बैठक में तय किया गया कि रूसा में जिस मद में पैसा बचा हुआ है, उसे विवि के विकास मद में खर्च किया जाएगा। रूसा की टीम के साथ मेरू प्रोजेक्ट के अधिकारी भी पहुंचे थे।

बीआरएबीयू ने मेरू प्रोजेक्ट के लिए आवेदन किया है। विवि को मेरू प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है। मेरू प्रोजेक्ट में विवि को 100 करोड़ रुपये मिलने हैं।

बैठक में तय किया गया कि विवि में एक खेल का मैदान बनाया जाएगा। यह पीजी हॉस्टल के पास बनेगा। कुलपति और अन्य अधिकारियों के लिए तीन मंजिला नया कुलपति सचिवालय भी बनाया जाएगा। इस भवन में कंप्यूटर लैब से लेकर लैंगवेज लैब भी बनाए जाएंगे। रूसा अपने साथ बिहार शिक्षा आधारभूत संरचना निगम के अधिकारियों को भी लेकर आयी थी। विवि में निर्माण के लिए रूसा से 20 करोड़ रुपये विवि को मिले हैं।

# विभागों में पीएचडी गाइड चुनने की प्रक्रिया शुरू

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में पीएचडी 2021 के लिए गाइड बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई। शुक्रवार को हिन्दी विभाग में डिपार्टमेंट रिसर्च काउंसिल की बैठक हुई। बैठक विवि की तरफ से जारी पीएचडी नीति 2024 के तहत हुई। बैठक में छात्रों को तीन सुपरवाइजर चुनने का विकल्प दिया गया। इसके अलावा शिक्षकों की विषय विशेषज्ञता देखी गई। हिन्दी के अलावा दूसरे विभागों में भी डीआरसी की प्रक्रिया शुरू होनी है। रजिस्ट्रार ने जल्द सुपरवाइजर चुनने को कहा है।